महत्वपूर्ण एवं खास

अस्पताल का सामान सप्लाई करने लाखों रुपये लेकर भेजा कबाड़ समान,धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। अस्पताल में सामान सप्लाई करने के नाम पर लाखों रुपये एडवांस लेकर कबाड़ी से सामान खरीदकर भेज धोखाधड़ी किया। घटना की रिपोर्ट राजेंद्र नगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मारूति लाइफ स्टाइल कोटा सरस्वती नगर निवासी डॉक्टर पार्थ स्थापक 36 वर्ष पिता राघवेंद्र स्थापक ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 27 मई 2019 से 9 नवंबर 19 के बीच अनंत सांई अस्पताल इकाई पार्थ शील हेल केयर प्राइवेट लिमिटेड तेलीबांधा में डायरेक्टर हैं। प्रार्थी के अस्पताल में आरोपी ने सामान सप्लाई करने के नाम पर एडवांस के तौर पर 4 लाख 90 हजार 4 सौ रुपये लेकर कबाड़ी से सामान खरीदकर भेज दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

जप्त 993 किलो गांजा किया जाएगा नष्ट

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर रेंज जदलपुर के अन्तर्गत विभिन्न प्रकरणों में जब्त किए गए 993.100 किलोग्राम गांजा को नष्ट किया जाएगा। पुलिस महानिरीक्षक पी.सुंदरराज ने बताया कि एनडीपीसी एक्ट के तहत 34 मामलों में 993.100 किलो गांजा जप्त किया गया था। इसे नष्ट करने के लिए समिति गठित की गई है। समिति के निर्णय के अनुसार 7 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे जगदलपुर के थाना कोड़ेनार क्षेत्र के ग्राम पंचायत रायकोट में स्थित मेटालिक प्राईवेट लिमिटेड में भस्मीकरण यंत्र से समिति के सदस्यों के समक्ष नष्ट किया जाएगा।

कंपनी में काम करते समय मजदूर के सिर पर क्रेन का फुल्ली गिरने से हुआ घायल

» प्रबंधक के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। क्रेन का फुल्ली टूटकर गिरने से कंपनी का कर्मचारी को काम करते वक्त गंभीर चोट लगने से इलाज के लिए नारायणा अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बाजार चौक उरला रायपुर निवासी रविंद्र कुमार यादव 22 वर्ष पिता शिवकुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी का पिता शिव कुमार यादव जैनम फेरोलाइज कंपनी उरला में काम करने के दौरान 22 नवंबर को काम करते समय कंपनी के अंदर क्रेन का फुल्ली टूटकर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रार्थी को इजाज के लिए नारायणा अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने कंपनी प्रबंधक के खिलाफ मजदूर से काम कराते समय सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान नहीं रखने की जुर्म में अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

शादी का प्रलोभन देकर युवती से बनाया शारीरिक संबंध, 6 साल बाद शादी करने से किया इंकार

» बलात्कार का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। शादी का प्रलोभन देकर पिछले 6 साल से लगातार शारीरिक संबंध बनाया व शादी करने से इंकार कर दिया। घटना की रिपोर्ट पुरानी बस्ती थाने में दर्ज की गई। मिली जानकारी के अनुसार कुशालपुर पुरानी बस्ती रायपुर निवासी प्रार्थियां 28 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शादी का प्रलोभन देकर आजाद ठाकुर 28 वर्ष पिता पुरुषोत्तम ठाकुर ने प्रार्थियां के साथ 23 नवंबर 2013 से लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहा। प्रार्थियां द्वारा शादी की बात करने पर आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 के तहत बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है।

छत्तीसगढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाएं : भूपेश बघेल

» मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल की नई वेबसाइट लॉन्च की » सिरपुर भ्रमण के लिए बस सेवा का किया शुभारंभ

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज सवेरे यहां अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल की नई वेबसाइट-लॉन्च की। उन्होंने इस अवसर पर अपने निवास से सिरपुर भ्रमण हेतु बस सेवा का शुभारम्भ करते हुए पर्यटक बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ में अनेक सुरम्य प्राकृतिक स्थल और ऐतिहासिक धरोहरें हैं। पर्यटन विभाग के साथ-साथ संस्कृति विभाग और ग्रामोद्योग विभाग को मिलकर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में राम वन गमन मार्ग, माता कौशल्या मंदिर ,सिरपुर में बौद्ध स्तूप, बस्तर में चित्रकोट, तीरथगढ़ जलप्रपात ,बारसूर में गणेश जी की प्रतिमा, रामगढ़ में प्राचीनतम नाट्यशाला स्थित है। बस्तर से सरगुजा तक छत्तीसगढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाएं है। गृह एवं पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि पहले छत्तीसगढ़ में मोटल बनाए गए थे पर्यटकों की सुविधाओं का ध्यान नहीं रखा गया था। अब सरकार पर्यटकों के लिए सुविधाओं का विस्तार कर पर्यटन को बढ़ावा देने का काम करेगी।

पर्यटन विभाग की इस नई वेबसाइट में छत्तीसगढ़ राज्य के पयर्टन से सम्बन्धी सभी जानकारियां उपलब्ध हैं। इसमें अब पर्यटकों को पर्यटन मंडल द्वारा संचालित इकाईयों रिसोर्ट और मोटल में ऑन लाईन आरक्षण की सुविधा भी मिल सकेगी। पर्यटन मंडल द्वारा मैनपाट, अमरकंटक के कबीर चबूतरा, केंवची के पास आमडोब, सरोदाददर, मोहरा, चित्रकोट, तीरथगढ़ और बालोद में रिसोर्ट का संचालन किया जा रहा है। पर्यटन मंडल के गंगरेल, मचटोली, सिरपुर और चम्पारण्य के रिसोर्ट निजी क्षेत्र को संचालन के लिए दिए गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर अपने निवास से सिरपुर भ्रमण हेतु बस सेवा का शुभारम्भ करते हुए पर्यटक बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरपुर भ्रमण के लिए बस प्रतिदिन होटल जोहार छत्तीसगढ़ रायपुर से प्रस्थान करेगी। पर्यटक भ्रमण में प्रति व्यक्ति ए.सी. बस में बेसिक प्लान राशि रूपये 600 है जिसमें दोपहर का भोजन, गाईड एवं अन्य शुल्क, वाहन सहित शाम की चाय दी जाएगी। इस भ्रमण कार्यक्रम हेतु अधिक जानकारी के लिए कॉल सेंटर, गढ़हटरी, गुरूघासीदास परिसर रायपुर के टोल फ्री नं. 18001026415 एवं फोन नं. 0771-4224999 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, पर्यटन विभाग के विशेष सचिव अम्बलगन पी. और छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की प्रबन्ध संचालक श्रीमती इफ्फत आरा सहित पर्यटन मंडल के अधिकारी उपस्थित थे।

पुलिस ने किया 5 चोरियों का खुलासा: रात को सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी के घर से 70 हजार की चोरी

» घर छोड़ दीजिए, चोरों के निशाने पर मुर्गी भी, एनएच से लगे बायलर ट्रेडर्स से 60 नग मुर्गी पार

महासमुंद (आरएनएस)। पुलिस ने पांच चोरियों का खुलासा करते हुए आरोपियों को जेल भेजकर सांस नहीं ली थी कि शनिवार को दो और चोरी के मामले सामने आ गए। जिसमें एक कोतवाली व दूसरा पिथौरा क्षेत्र का है। चोर सूने मकान के अलावा बकारा व मुर्गी चोरी की भी घटना को अंजाम दे रहे हैं। पिथौरा में एक मुर्गी दुकान से अज्ञात चोरों ने नगदी सहित 60 मुर्गियां चुरा ली है। वहीं पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी के यहां से नगदी सहित 70 हजार रूपये की चोरी हो गई है।

पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार सेवानिवृत्त कतर्मचारी अयोध्या नगर निवासी किशनलाल सिन्हा 20 नवंबर को वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने परिवार के साथ धमतरी गया था। दूसरे दिन सुबह पड़ोसी ने उन्हे फोन कर घर का ताला टूटने की जानकारी दी।

जब वह वापस आया तो देखा कि घर के मुख्य दरवाजे एवं दोनों कमरों का ताला टूटा है। बेडरूम के अंदर की आलमारी का सामान बिखरा है। आलमारी के लॉकर से 22 हजार रूपए नगदी सहित1 नग सोने की अंगूठी, 2 जोड़ी टाप्स, 1 जोड़ी कान की चैन, 10 नग मंगलसूत्र का दाना, 2 नग कान की नथनी, 7 नग चांदी के सिक्के,1 जोड़ी पायल , 2 नग करधन, 1 नग मोबाइल कुल कीमती 69,400 रूपये को चुरा लिया है।

बाल गृह से भाग गया बालक

कोरबा (आरएनएस)। दर्री में बाल गृह स्थित है, जिसका संचालन सोशल रिवाइवल ग्रुप ऑफ अरबन रूरल एण्ड ट्राइबल स्रोत द्वारा किया जाता है। बाल गृह में शहर के पंप हाउस अटल आवास का 14 वर्षीय बालक को 23 मार्च 2015 से रखा गया था। जो वहां रहकर कक्षा 5वीं की पढ़ाई कर रहा है। सोमवार की सुबह 11.30 बजे वह बाल गृह से भाग गया। बाद में जब वहां के कर्मचारियों को वह नहीं दिखा तो उसकी खोजबीन की गई।

मढ़ोनार में नक्सलियों ने मचाया उत्पात

4 ट्रेक्टर, एक जेसीबी व मोटरसाइकिल को किया आग के हवाले

कोंडागांव (आरएनएस)। कोंडागांव जिले के छोटेडोंगर थाना अन्तर्गत ग्राम मढोनार में प्रधान मंत्री सड़क निर्माण मे मुरूम डालने का कार्य कर रहे 04 ट्रेक्टर, 01जेसीबी व 01 मोटरसाइकिल को नक्सलियों के द्वारा आग के हवाले कर दिया। ट्रेक्टर छोटेडोंगर निवासी कामेश्वर यादव, चमन लाल मांझी, सुकमन उसेडी की बताई जा रही है। वहीं एक अन्य ट्रेक्टर गौरदण्ड की बताई जा रही है। जे सीबी व मोटरसाइकिल सड़क निर्माण कर रहे ठेकेदार के आदमी मानिकपुरी की बताई जा रही है। ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय से 51 किलोमीटर दुर ग्राम मढोनार में पिछले 20 दिन पूर्व 5 करोड़ की लागत से छोटेडोंगर से मढ़ोनार तक रायगढ़ के ठेकेदार राजकुमार जायसवाल द्वारा सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा था। शनिवार शाम 300 की संख्या मे हथियार बंद नक्सलियों द्वारा सड़क निर्माण मे लगे ट्रैक्टर,

जेसीबी व मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर दिया गया।

चखना ठेला में शराब पीते पाये जाने पर ठेला वालों व शराबियों पर हुई कार्रवाई

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी में चखना ठेला वालों को अवैध शराब पिलाने के जुर्म में पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन क्षेत्र के बजरंग चौक तरूण नगर पंडरी में चखना ठेला में अवैध शराब पिलाने के जुर्म में पुलिस ने लोकनाथ जांगड़े 27 वर्ष व काली नगर पंडरी में राममंडल 35 वर्ष मोवा क्षेत्र में दलदल सिवनी मोड़ पर पिंटू साहू 20 वर्ष एवं अन्य दो वहीं तेलीबांधा क्षेत्र में सूरज नगर लाभांडी के पास विजय छावड़ा 38 वर्ष व सूरज नगर लाभांडी में जितेंद्र सिंह 42 वर्ष इसी तरह उरला क्षेत्र में बजरंग चौक बीरगांव में बलदराम वर्मा 56 वर्ष व बजरंग चौक नाला के पास प्रेमलाल देवांगन 35 वर्ष बजरंग चौक बीरगांव के पास नरेंद्र देवांगन 30 वर्ष सिविल लाइन क्षेत्र में अवैध शराब चखना ठेला में पिलाते पाये जाने पर पुलिस ने उनके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 36 सी के तहत कार्रवाई किया गया है।

गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान को टायगर रिजर्व बनाने का निर्णय

» मुख्यमंत्री बघेल की अध्यक्षता में राज्य वन्य जीव बोर्ड की बैठक सम्पन्न

» जंगलों में वन्य प्राणियों के भोजन-पानी के लिए अच्छे प्रबंध के निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य वन्य जीव बोर्ड की 11वीं बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में प्रदेश के कोरिया जिले के अंतर्गत गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व घोषित करने का निर्णय लिया गया। वर्तमान में प्रदेश में तीन अचानकमार टाइगर रिजर्व, उदन्ती-सीतानदी टाइगर रिजर्व और इन्द्रावती टाइगर रिजर्व हैं। इसे मिलाकर अब चार टाइगर रिजर्व हो जाएंगे। साथ ही लेमरू हाथी रिजर्व गठन की अधिसूचना जारी होने की जानकारी दी गई।

लेमरू हाथी रिजर्व का गठन कोरबा, रायगढ़ तथा सरगुजा जिले के कोरबा, कटघोरा, धरमजयगढ़ एवं सरगुजा वनमण्डल के वन क्षेत्र को मिलाकर किया जा रहा है। इसका कुल क्षेत्रफल एक हजार 995 वर्ग किलोमीटर है। मुख्यमंत्री ने बैठक में प्रदेश के जंगलों में वन्य प्राणियों के लिए जल स्रोतों को विकसित करने और फलदार और सब्जी के, नारवाली सब्जियों के बीजों का छिड़काव करने, बांस, केला के प्लांटेशन के निर्देश दिए ताकि वन्य प्राणियों को भोजन तथा चारा के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने नरवा विकास योजना के तहत नालों को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ वनग्रामों में बड़े-बड़े तालाबों का निर्माण करने के लिए भी निर्देशित किया।

बैठक में रायगढ़ जिले के अंतर्गत गोमर्डा अभ्यारण्य के ग्राम कनकबीरा में पुलिस चौकी की स्थापना, छत्तीसगढ़ के राजकीय पशु वन भैंसा तथा राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना के शुभंकर और गिद्धों के संरक्षण के लिए कार्ययोजना के संबंध में चर्चा की गई। राज्य में अचानकमार टायगर रिजर्व, गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान और सरगुजा जिले के मैनपाट में गिद्धों की पांच प्रजातियां पाई जाती हैं।

दूध का नमूना जप्त कर जांच के लिए भेजा प्रयोगशाला

» मिलावटी दूध की सूचना पर खाद्य एवं औषधि विभाग की कार्यवाही

कोण्डागांव (आरएनएस)। खाद्य एवं औषधि प्रशासन व पशु चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बोरगांव क्षेत्र में मिलावटी दूध की सूचना के आधार पर लगातार निगरानी की जा रही है। इस क्रम में आज टीम द्वारा क्षेत्र में दूध का व्यवसाय करने वाले विक्रेताओं को चौक-चौराहों पर रोक कर जांच पड़ताल की गई और संदिग्ध दूध के सैम्पल पाए जाने पर पश्चिम बोरगांव के दो दुग्ध विक्रेता सुधीर दास एवं सशीम बसाक से दूध का नमूना जप्त कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया।

ज्ञात हो कि क्षेत्र में दुग्ध सहकारी समिति की स्थापना के बाद से आस-पास के क्षेत्र में दुध की कीमतो में बढ़ोतरी व मिलावट की शिकायत लगातार मिलने लगी थी। जिसे प्रशासन ने गंभीरता से लिया और निगरानी शुरु की।

जिला प्रशासन की इस कड़ी कार्यवाही को देखकर मिलावटी दूध विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन व पशु चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सभी दूध विक्रेताओं से अपील की गई है कि वे लोगो से के स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखकर दूध में किसी भी प्रकार की मिलावट न करे और ऐसा करने पर तत्काल कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

व्यापारी से 6 लाख की हुई लूट

कोंडागांव (आरएनएस)। जिला मुख्यालय के करीब उमरकोट मार्ग पर ग्राम बाफना में एक व्यापारी से 06 लाख रूपये की लूट हो गई है। लूटपाट की घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने इस मामले को कुछ घंटे के अंदर ही सुलझा दिया और एक आरोपी के गिरफ्तारी के साथ लूटी गई रकम में से 04 लाख रूपये बरामद कर ली गई। लूट के इस मामले की खास बात यह है कि पकड़ा गया आरोपी उप सरपंच है। पुलिस के अनुसार कोंडागांव निवासी व्यापारी चंदन पानीग्राही व्यापारियों से कारोबार करने के बाद पैसे लेकर वापस लौट रहा था। इस दौरान ग्राम बाफना में उसके साथ लूटपाट की घटना हुई। जिसकी सूचना पुलिस को देने के बाद लूटपाट का आरोपी उपसरपंच मनोज कौशिक को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी निशानदेही पर 04 लाख रूपए बरामद की गई।

छत्तीसगढ़ में गठित किया जाएगा ट्रेडीशनल मेडिसिन बोर्ड : सीएम बघेल

» मुख्यमंत्री ने किया राज्य स्तरीय परम्परागत वैद्य सम्मेलन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम' का शुभारम्भ

» राज्य भर से लगभग एक हजार वैद्य शामिल हुए

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के परंपरागत वैद्यों के ज्ञान को लिपिबद्ध करने, जड़ी बूटियों के संरक्षण- संवर्धन तथा वैद्यों के ज्ञान का लाभ पूरे समाज तक पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ में ट्रेडीशनल मेडिसिन बोर्ड का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आज राजधानी रायपुर स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के सभागार में 'राज्य स्तरीय परम्परागत वैद्य सम्मेलन सह प्रशिक्षण' कार्यक्रम में यह घोषणा की। यह आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग, राज्य औषधि पादप बोर्ड, लघु वनोपज संघ तथा वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने की। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष भरत साय और मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे।

परंपरागत औषधि बोर्ड वैद्यों के ज्ञान का दस्तावेजीकरण, लिपिबद्ध करने का कार्य करेगा। यह बोर्ड का प्रमुख कार्य रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हजारों वर्षों से वैद्य द्वारा जड़ी-बूटियों से परंपरागत ढ़ग से इलाज किया जा रहा है, लेकिन यह परंपरा आज पिछड़ गई है, क्योंकि हमने अपने ज्ञान का दस्तावेजीकरण नहीं किया और ज्ञान बांटा नहीं। वैद्य के साथ ही उनका ज्ञान भी समाप्त हो गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ वन संपदा से परिपूर्ण है और हमारे वनों में वनौषधियों का विशाल भंडार है। ग्रामीण बहुमूल्य जड़ी-बूटियों को हाट- बाजारों में पसरा में औने पौने दाम पर बेच देते हैं। राज्य सरकार का यह भी प्रयास है कि लोगों को जड़ी बूटियों का सही मूल्य मिले। बघेल ने कहा कि जिस तरह से एलोपैथिक डॉक्टर एमबीबीएस के बाद मेडिसिन में एमडी या सर्जरी में एमएस कर विशेषज्ञता हासिल करते हैं, उसी तरह कौन से वैद्य किस विशेष बीमारी का इलाज करने में दक्ष है, इसकी भी जानकारी संकलित की जानी चाहिए।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा समर्थक हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं वीरगत एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं शासन व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं जनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल निवासी पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU